Madhya Pradesh Vidhan Sabha
मध्य प्रदेश विधान सभा

नोट : दिसम्बर 2008 तक की जानकारी

द्वादश विधानसभा (2003-2008)

जमुना देवी, श्रीमती
भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस
निर्वाचन क्षेत्र- कुक्षी (213)

पिता का नाम- स्व. श्री सुखजी
जन्म तिथि- 19 नवंबर, 1929
जन्म स्थान- सरदारपुर, जिला-धार
वैवाहिक स्थिति- विवाहित
संतान- 1 पुत्री
शैक्षणिक योग्यता- मैट्रिक
व्यवसाय- समाज सेवा
अभिरूचि- बागवानी, कृषि
स्थायी पता- (1) C/o श्री सुभाषचंद रामदास मुकाती, शिव शक्ति पैलेस, अलीराजपुर रोड, कुक्षी, जिला-धार (म.प्र.)
(2) 29, एच.आई.जी., इंदौर (म.प्र.) दूरभाष- (07297) 234370 (0731) 2550479 मोबाइल- 9425011949
स्थानीय पता- बी-9, 74 बंगले, स्वामी दयानंद नगर, भोपाल. दूरभाष- 2440205 (का.), 2675957 (नि.), 2440444 (नि.)

सार्वजनिक एवं राजनीतिक जीवन का संक्षिप्त विकास क्रम-

1952-57 में मध्य भारत विधान सभा की सदस्य. 1960-63 में झाबुआ जिला कांग्रेस की समन्वयक. 1962-67 में लोक सभा सदस्य. समाज कल्याण बोर्ड ब्लॉक रामा जिला झाबुआ की पूर्व अध्यक्ष. अखिल भारतीय रेलवे क्लर्क एवं यार्ड मास्टर एसोसिएशन की पूर्व अध्यक्ष. 1963-67 में आदिवासी केन्द्रीय सलाहकार बोर्ड की सदस्य एवं अ.भा.कांग्रेस की सदस्य. 1964 से निरंतर म.प्र. कांग्रेस कमेटी की सदस्य. केन्द्रीय समाज कल्याण बोर्ड, नई दिल्ली तथा अ.भा. आदिम जाति सेवा संघ की पूर्व सदस्य. 1973-76 में भील सेवा संघ, इंदौर संभाग की सचिव.1978-81 में राज्य सभा सदस्य एवं हुडको की संचालक. अखिल भारतीय आदिम जाति महिला सेवक संघ, म.प्र. इकाई की अध्यक्ष. अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी आदिवासी एवं हरिजन सेल (गुजरात एवं पंजाब) की पूर्व संयुक्त सचिव. 1985 में आठवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) आदिम जाति, हरिजन तथा पिछड़ा वर्ग कल्याण. 1989-90 में म.प्र. महिला कांग्रेस की महामंत्री (इंदौर संभाग प्रभारी). 1993 में दसवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं मंत्री, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग रहीं. 1997 में उत्कृष्ट मंत्री पुरस्कार से सम्मानित. 1998 में ग्यारहवीं विधान सभा की सदस्य निर्वाचित एवं उप मुख्यमंत्री तथा प्रभारी महिला एवं बाल विकास विभाग रहीं. 2001 में भारत ज्योति सम्मान एवं 2003 में संसदीय जीवन के पचास वर्ष पूर्ण करने पर 'संसदीय जीवन सम्मान' से सम्मानित.

सन् 2003 में पांचवीं बार विधान सभा सदस्य निर्वाचित.
सम्प्रति - 16 दिसम्बर, 2003 से नेता प्रतिपक्ष, म.प्र.विधान सभा.